# सम्मानित कर्मचारी उमेश शर्मा से क्यों भयभीत हैं केवलारी विधायक

**सिवनी नवभारत।** सिवनी जल संसाधन विभाग भीमगढ़ में पदस्थ उमेश शर्मा जिनको की मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय एवं विभाग प्रमुख ने भीमगढ़ में ही पदस्थ कर कार्य करने की स्वीकृति प्रदान की है उनके द्वारा कृषकों से समाजस बनाते हुए मध्य प्रदेश में सर्वाधिक राजस्व वसूली शासन के पक्ष में की गई है जिससे मध्य प्रदेश शासन ने उन्हें सम्मानित भी किया है परंतु केवलारी विधायक रजनीश सिंह बार-बार उमेश शर्मा को जिले से बाहर स्थानांतरित करने कभी प्रभारी मंत्री सिवनी कभी जिला कलेक्टर तथा विभाग के वरिष्ठ

### सचिवालय में पत्राचार कर दबाव बनाने की कर रहे राजनीति

अधिकारियों से दर्जनों बार पत्राचार कर हटाने की मांग बुलंद करते रहते हैं कुछ कृषकों के फर्जी दस्तखत करा कर विधायक भोपाल प्रवास के दौरान भी सचिवालय में भी पत्राचार कर दबाव बनाते देखे जाते हैं

### उच्च न्यायालय को चुनौती दे रहे हैं विधायक, सही फोरम पर होगी शिकायत

मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच ने



बताया कि फर्जी दस्तावेजों के आधार पर कलेक्टर सिवनी एवं विभाग को पत्र लिखकर उमेश शर्मा के स्थानांतरण करने हेतु के वलारी विधायक द्वारा लगातार पत्राचार किया जा रहा है जबकि

### संजय सरोवर बांध में विधायक एवं परिजनों के लगे बड़े-बड़े पंप

मालनवाड़ा ,गोहना, पिंडरई, सादक सिवनी, सरडिया ,देवरी, परासिया, सिमरिया, सुआ खेड़ा, सहित डूब क्षेत्र के कृषकों ने जहां उमेश शर्मा को एक कर्मठ एवं सिंचाई नियमों का जानकार बताया वही यह भी बताया कि केवलारी विधायक ने बांध के भराव क्षेत्र ग्राम खुर्सी पार में बड़े-बड़े पंप लगाकर हम लोगों के हिस्से का पानी नियम विरुद्ध बिना स्वीकृति के पाइपलाइन बिछाकर मधुबन स्थित 200एकड के फार्म हाउस में पानी ले रहे हैं जो की पूर्णता नियम विरोध है क्योंकि बड़े-बड़े पंप लगाने की लगाने की अनुमति विभाग नहीं देता वर्तमान में पदस्थ कार्यपालन यंत्री प्रेम नारायण नाग एस0डी0ओ मर्सकोले आंख मूद कर विधायक की मनमानी को संरक्षण दे रहे हैं जबकि वहीं विधायक को डर सता रहा है कि उमेश शर्मा अमीन के रहते हमारे मनमानी मैं अंकुश न लग जाए वही नहरो से पानी न मिलने के कारण गवारी, खापा, साठई,बरबसपुर, संस्था के लगभग 50 गांव की खेती सूख कर चौपट हो गई है यदि केवलारी विधायक बड़े-बड़े पंप लगाकर इन गरीबों के हिस्से का पानी नहीं लिफ्ट करते तो आज यह गरीब भूखे मरने की कगार में नहीं आते ।

यह जानते हुए भी माननीय उच्च न्यायालय ने उमेश शर्मा के मामले में स्थगन आदेश दिया है विधायक का यह कृत विधानसभा में लिए शपथ के अनुरूप नहीं है विधायक के द्वारा जितने भी पत्राचार किया जा रहे हैं उनको संग्रहित कर सही फोरम पर मंच शिकायत दर्ज कराएगा

# प्राइवेट बस ऑपरेटर की हड़ताल समाप्त



**सिवनी नवभारत।** मध्य प्रदेश प्राइवेट बस एसोसिएशन द्वारा 2 मार्च को अपनी मांगों को लेकर अनिश्चित कालीन हड़ताल की घोषणा की गई थी इस संबंध में जिला प्राइवेट संगठन के जिला अध्यक्ष तेज बाली सिंह पुष्पेंद्र सिंह चंद्रभान सिंह ठाकुर आदि प्रतिदिन मंडल ने भोपाल में मुख्यमंत्री से अपनी मांगों के संबंध में विस्तार से चर्चा की और मुख्यमंत्री द्वारा इन लोगों की जायज मानते हुए सारी मांगे स्वीकृत कर दी गई मुख्यमंत्री द्वारा पूर्ण की गई मांगो के तहत अब यह हड़ताल समाप्त कर दी गई है सभी बसें पूर्व की भांति अपने निर्धारित समय पर गंतव्य के लिए चलेंगे बस एसोशिएसन द्वारा सभी मीडिया एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया है साथ ही यात्रियों से भी अनुरोध किया गया है कि होली पर पर अपनी यात्रा पूर्व की भांति कर सकते हैं

# मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा योजना के विरोध में बस ऑपरेटरों ने सौंपा ज्ञापन

**सिवनी नवभारत। मध्य प्रदेश शासन द्वारा स्वीकृत नई परिवहन नीति 'मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा योजना' के विरोध में म.प्र. बस ऑपरेटर एसोसिएशन ने परिवहन मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर नीति पर पुनर्विचार की मांग की है। एसोसिएशन का कहना है कि प्रस्तावित नीति लागू होने से प्रदेश के निजी बस संचालकों का व्यवसाय गंभीर रूप से प्रभावित होगा और अनेक संचालकों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो जाएगा।**

एसोसिएशन पदाधिकारियों ने बताया कि सरकार द्वारा हाल ही में स्वीकृत इस योजना के अंतर्गत परिवहन व्यवस्था में व्यापक बदलाव किए जा रहे हैं। उनका आरोप है कि नीति बनाते समय जमीनी स्तर पर कार्य कर रहे बस ऑपरेटरों से पर्याप्त चर्चा नहीं की गई। नई व्यवस्था से निजी क्षेत्र की भागीदारी सीमित होने की आशंका है, जिससे वर्षों से संचालित हो रही बस सेवाएं प्रभावित होंगी।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि 24 दिसंबर 2025 को प्रकाशित असाधारण राजपत्र में मोटर यान अधिनियम 1988 के नियमों में जो संशोधन किए गए हैं, उन्हें वापस



लिया जाए। एसोसिएशन का कहना है कि इन संशोधनों से परमिट व्यवस्था और संचालन शर्तों में ऐसे बदलाव किए गए हैं, जो निजी बस संचालकों के लिए प्रतिकूल हैं। इसी प्रकार 29 जनवरी 2026 को असाधारण राजपत्र में किए गए संशोधनों को भी निरस्त करने की मांग की गई है। ऑपरेटरों के अनुसार बार-बार नियमों में बदलाव से परिवहन व्यवसाय में अस्थिरता बढ़ रही है।

बस ऑपरेटरों ने मिनी बसों पर लागू 75 किलोमीटर दूरी सीमा समाप्त करने की भी मांग उठाई है। उनका कहना है कि वर्तमान दूरी सीमा के कारण ग्रामीण और अर्धशहरी क्षेत्रों में सुचारु परिवहन सेवा देने में बाधाएं उत्पन्न हो रही हैं। यदि दूरी सीमा समाप्त की जाती है तो छोटे रूटों के साथ-साथ मध्यम दूरी के मार्गों पर भी मिनी बसों का संचालन संभव होगा, जिससे यात्रियों को अधिक विकल्प मिलेंगे और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी मजबूत होगी।

ज्ञापन में सिवनी में फिटनेस सेंटर शुरू करने की मांग भी प्रमुख रूप से उठाई गई है। ऑपरेटरों का कहना है कि वाहन फिटनेस जांच के लिए उन्हें अन्य जिलों में जाना पड़ता है, जिससे समय और अतिरिक्त व्यय दोनों बढ़ते हैं। यदि सिवनी में ही फिटनेस सेंटर संचालित किया जाए तो स्थानीय बस संचालकों को राहत मिलेगी और वाहनों की नियमित जांच भी सुगमता से हो सकेगी।

एसोसिएशन ने यह भी मांग की है कि वर्तमान में मोटर यान अधिनियम 1988 के तहत प्रदेश में जो बस संचालन व्यवस्था लागू है, उसे यथावत रखा जाए। उनका तर्क है कि मौजूदा व्यवस्था के अंतर्गत निजी और सार्वजनिक परिवहन के बीच संतुलन बना हुआ है। नई नीति से यह संतुलन बिगड़ सकता है और प्रतिस्पर्धा की स्थिति असमान हो सकती है। बस ऑपरेटरों ने कहा कि वे सरकार के विकासात्मक प्रयासों के विरोध में नहीं हैं, लेकिन ऐसी किसी भी नीति का समर्थन नहीं किया जा सकता जो सीधे तौर पर हजारों परिवारों की आजीविका को प्रभावित करे। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो प्रदेश स्तर पर आंदोलन की रणनीति तैयार की जाएगी।

ज्ञापन के माध्यम से परिवहन मंत्री से अपील की गई है कि बस ऑपरेटरों की समस्याओं पर गंभीरतापूर्वक विचार करते हुए संबंधित संशोधनों को वापस लिया जाए और सभी पक्षों से चर्चा के बाद ही नई नीति को लागू किया जाए। ऑपरेटरों का कहना है कि संवाद और सहमति के आधार पर ही ऐसी नीति बनाई जानी चाहिए, जिससे यात्रियों को बेहतर सुविधा मिले और परिवहन व्यवसाय भी सुरक्षित रहे। बस ऑपरेटर एसोसिएशन ने उम्मीद जताई है कि सरकार उनकी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर परिवहन क्षेत्र में व्याप्त असंतोष को दूर करेगी। फिलहाल ज्ञापन सौंपे जाने के बाद परिवहन व्यवसाय से जुड़े लोगों की नजर सरकार के अगले कदम पर टिकी हुई है।

# 317 करोड़ में नीलाम होंगी सिवनी की शराब दुकानें

**सिवनी नवभारत।** वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए जिले की देशी एवं विदेशी मदिरा दुकानों का आवंटन ई-टेंडर के माध्यम से किया जाएगा। जिला आबकारी विभाग द्वारा जारी जानकारी के अनुसार जिले में कुल 18 समूह बनाए गए हैं, जिनमें से 6 समूहों की दुकानों की नीलामी प्रथम चरण में तथा शेष समूहों की नीलामी द्वितीय और तृतीय चरण में होगी। जिले में संचालित कुल 58 मदिरा दुकानों के लिए शासन ने 317 करोड़ 50 लाख रुपये का वार्षिक लक्ष्य निर्धारित किया है। ई-टेंडर प्रक्रिया ई-टेंडर एवं ई-ऑक्शन प्रणाली के तहत संपन्न होगी। इच्छुक आवेदक नीलामी से संबंधित विस्तृत जानकारी म.प्र. आबकारी विभाग की अधिकृत वेबसाइट https:// mptenders. gov.in पर देख सकते हैं।

# सेवानिवृत हुए शिक्षक व पंचायत सचिव



**उगली नवभारत।** प्रत्येक शासकीकय अधिकारियों व कर्मचारियों को अपने जीवन काल में शासकीय सेवाओं के बाद सेवानिवृत्ति के कार्य भार से मुक्त होने का सौभाग्य प्रत्येक के शासकीय कर्मचारी को अपनी शासकीय सेवा काल के बाद इस रिवाज को भी स्वीकारना पड़ता है,सभी कर्मचारी जो अपने जिंदगी का आधे से अधिक हिस्सा अपनी साफ सुथरी छवि ईमानदारी और निर्विवाद कार्यकाल के बाद शासकीय सेवाओं से सेवानिवृत होते हैं,सिवनी जिले के अंतर्गत गत 28 फरवरी को शिक्षा विभाग और पंचायती राज के सचिव व शिक्षक सेवानिवृत हुए,विधानसभा केवलारी जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत पांडीवाडा में पदस्थ सचिन मेघराज टेंम्भ्रे निवासी सोनखार अपने 30 वर्ष की सेवा काल के बाद निर्विवाद सचिव पद से सेवानिवृत्ति हुए श्री टेम्भ्रें जी पंचायती राज में सेवा दे रहे थे,ये अपनी साफ सुथरी छवि से जाने जाते हैं, जिन्हें कई बार पंचायती राज में सर्वश्रेष्ठ काम करने के लिए अनेकों पुरस्कार शासन के माध्यम से प्राप्त भी हुए हैं, गत दिवस शासकीय सेवाओं से निवृत होकर अपने ग्राम परिवार समाज को सेवा देने के लिए आप पुन: तैयार हैं, आप जनपद सदस्य साकेत राज टेंम्भ्रे के पिताजी हैं,धर्मपत्नी श्री चंद्रभामा टेंम्भ्रे शिक्षिका है,इनके साथ ही घूरवाड़ा निवासी हुकुमचंद ठाकुर जो मूल पद स्थापना मलारी ग्राम पंचायत के बाद अतिरिक्त प्रभार ग्राम पंचायत उगली का भी मिला हुआ था, आप भी सेवानिवृत्त होकर गत दिवस सेवाकाल का समाप्ति होने के बाद शिक्षा विभाग में उगली निवासी के एल चावलें माध्यमिक शिक्षक ठाकुरबर्रा एवं पूरन सिंह ठाकुर घूरवाड़ा निवासी शासकीय हाई स्कूल उगली से सेवानिवृत्त हुए,इसके अलावा जिले में और अन्य विभागों के भी कर्मचारी का सेवानिवृत्ति हुआ है. सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को अपने अपने विभाग से कार्यमुक्त किया गया, बाद में सभी अपने शुभचिंतको, परिवार और मित्रों के साथ बाजे गाजे से अपने कार्यालय से विदा लिये, सभी के शुभचिंतको ने आप लोगों के उज्जवल भविष्य की कामना के साथ आगे समाज के लिये जीवन जीने की प्रेरणायें दिये.

# धूमा में गौवंश से भरी पिकअप पकड़ी, दो आरोपी गिरफ्तार

**सिवनी नवभारत।** जिले में अवैध गौवंश परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए धूमा पुलिस ने पिकअप वाहन में ठूंसकर ले जाए जा रहे सात गौवंश को बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने वाहन समेत करीब 5.62 लाख रुपए की संपत्ति जब्त की है। पुलिस के अनुसार 28 फरवरी की रात कस्बा गश्त के दौरान सूचना मिली कि नरसिंहपुर के गोटेगांव क्षेत्र से एक पिकअप वाहन (एमपी 49 जेडजे 0194) में गौवंश को बिना चारा-पानी के क्रूरता पूर्वक भरकर नागपुर की ओर ले जाया जा रहा है। सूचना पर नागनदेवरी रोड स्थित फारेस्ट डिपो के पास नाकाबंदी की गई। नाकाबंदी के दौरान संदिग्ध पिकअप को रोककर तलाशी लेने पर वाहन में सात गौवंश रस्सियों से बांधकर ठूंसकर भरे मिले। पुलिस ने वाहन चालक राहुल यादव (27) निवासी आमगांव छोटा थाना गाडरवाड़ा जिला नरसिंहपुर तथा उसके साथी राजकुमार धानक (25) निवासी सुआखेरी हाल कोडिया थाना पलौहा जिला नरसिंहपुर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने सात गौवंश, पिकअप वाहन और दो मोबाइल फोन जब्त किए हैं। बरामद गौवंश की कीमत लगभग 50 हजार रुपए तथा वाहन की कीमत करीब 5 लाख रुपए आंकी गई है। बरामद गौवंश को चारा-पानी उपलब्ध कराकर नागनदेवरी गौशाला में सुरक्षित रखा गया है तथा उनका स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। आरोपियों के खिलाफ मध्यप्रदेश गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम, कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम, पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम तथा मोटर व्हीकल एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले की जांच जारी है।

## एक नजर में

### एनएसयूआई राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ के पदभार ग्रहण में शामिल हुए एनएसयूआई के पदाधिकारी

**सिवनी।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष का 28 फ़रवरी को सपथ ग्रहण कार्यक्रम संकल्प सभा के नाम रखा गया था। इस ऐतिहासिक अवसर पर



सिवनी से एनएसयूआई के पदाधिकारी भी नवनियुक्त अध्यक्ष श्री विनोद जाखड़ जी को शुभकामनाएँ देने दिल्ली पहुँचे थे। विनोद जाखड़ एक साधारण दलित परिवार से आते है जिनकी प्रारंभिक शिक्षा राजस्थान में ही सरकारी स्कूल में हुई। जब वे कॉलेज में थे तो उन्होंने आर्थिक रूप से कमजोर होने पर भी राजस्थान विश्वविद्यालय का चुनाव जीता उसके बाद उनकी कार्यकुशलता को देखते हुए प्रदेश के बड़े नेताओ ने उनको कई बड़ी जिम्मेदारी दी जिसके बाद वे राज्यस्थान एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष रहते हुए आज राष्ट्रीय अध्यक्ष का कार्यभार सम्भाला। जिसमे सिवनी एनएसयूआई ज़िला अध्यक्ष धनंजय सिंह के साथ आलोक बघेल,नागेश धुर्वे,संदीप धुर्वे एवं अंकुश कांद्रा भी समीप हुए।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता यशोदा नायकवार सेवानिवृत्त

**सिवनी।** आंगनवाड़ी केंद्र बरेली, सेक्टर बिनोरी, परियोजना घंसौर में 28 फरवरी 2026 को आंगनवाड़ी कार्यकर्ता यशोदा नायकवार के सेवानिवृत्त होने पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता-सहायिकाएं, जनप्रतिनिधि, ग्रामवासी और परिजन उपस्थित रहे। यशोदा नायकवार ने अपने सेवा काल में केंद्र बरेली में मातृ एवं शिशु कल्याण से जुड़े कार्यों का संचालन किया। उनके द्वारा गर्भवती महिलाओं का पंजीयन एवं निगरानी,



बच्चों के टीकाकरण में सहयोग, पोषण आहार वितरण तथा प्री-स्कूल गतिविधियों का संचालन किया जाता रहा। उनके कार्यकाल में केंद्र की नियमित गतिविधियां संचालित होती रहीं। समारोह में उपस्थित वक्ताओं ने उनके कार्यकाल को याद करते हुए योजनाओं के क्रियान्वयन में निभाई गई भूमिका का उल्लेख किया। सहकर्मियों ने उनके साथ कार्य करने के अनुभव साझा किए। कार्यक्रम के दौरान शॉल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। यशोदा नायकवार ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। समारोह के अंत में उपस्थित लोगों ने उनके स्वस्थ जीवन की कामना की।

# मुंबई में दृष्टिबाधितों के लिए उम्मीद बना कोहका फाउंडेशन



**सिवनी नवभारत।** समाजसेवा की भावना जब समर्पण से जुड़ती है, तो बदलाव की नई कहानी लिखी जाती है। सिवनी की सामाजिक चेतना से प्रेरित कोहका फाउंडेशन आज मुंबई में दृष्टिबाधित बच्चों और युवाओं के जीवन में आशा की किरण बनकर कार्य कर रही है।

साल 2021 में फाउंडेशन ने मुंबई में जीवन आशा कंप्यूटर साक्षरता कार्यक्रम की शुरुआत की। इस पहल के माध्यम से दृष्टिबाधित युवाओं को विशेष सॉफ्टवेयर और सुलभ तकनीक से कंप्यूटर शिक्षा प्रदान की जा रही है, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें और रोजगार के अवसरों से जुड़ सकें।

इसके साथ ही स्टेप अप डांस एंड म्यूज़िक प्रोग्राम के जरिए बच्चों और युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने और आत्मविश्वास बढ़ाने का अवसर दिया जा रहा है। संस्था हर वर्ष एक माह का समर कैंप आयोजित करती है, जिसमें अंग्रेज़ी कक्षाएँ, ब्रेल शिक्षा, व्यक्तित्व विकास और जीवन कौशल प्रशिक्षण शामिल होते हैं। समय-समय पर विभिन्न सामाजिक और विकासात्मक कार्यक्रम भी संचालित किए जाते हैं। वहीं सिवनी में कोहका फाउंडेशन पिछले 14 वर्षों से शिक्षा, सामुदायिक विकास, स्वास्थ्य जागरूकता और जरूरतमंद परिवारों की सहायता से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम चला रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अभियान, युवाओं के लिए मार्गदर्शन सत्र और सामाजिक सहयोग की पहलें संस्था की प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं।

कोहका फाउंडेशन के संस्थापक एवं ट्रस्टी संजय नागर, जो पिछले 14 वर्षों से सिवनी में सामाजिक कार्यों से जुड़े हुए हैं, ने कहा, सिवनी ने मुझे सेवा का मार्ग दिखाया है। यही से मिली प्रेरणा ने हमें मुंबई में भी जरूरतमंदों तक पहुँचने की शक्ति दी। हमारा उद्देश्य है कि हर व्यक्ति को सम्मान, शिक्षा और अवसर मिले। उन्होंने आगे कहा, जब किसी बच्चे के चेहरे पर आत्मविश्वास की मुस्कान दिखती है, तो लगता है कि हमारा प्रयास सफल हो रहा है। समाज के सहयोग से हम और भी अधिक लोगों तक पहुँच सकते हैं।

### सज गई होली को लेकर दुकानें

**बरघाट नवभारत।** होली पर्व को धूमधाम से मनाने के लिए नगर में रंगो एवं पिचकारी की दुकान लग चुकी है जगह-जगह रंग गुलाल एवं आकर्षक टोपिया एवं अनेक प्रकार की पिचकारी की दुकानें सज गई हैं। 2 तारीख की रात्रि में होलिका दहन किया जाएगा। युवा एवं बच्चों में खासकर होली पर्व को लेकर उत्साह देखा जा रहा है।



# सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते का सिवनी आगमन



**सिवनी नवभारत।** सभापति एससी/एसटी कल्याण संबंधी समिति एवं सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते सोमवार 02 मार्च 2026 को दोपहर 12:30 बजे सिवनी पहुँचेंगे। वे स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होकर दोपहर 2 बजे केवलारी के लिए प्रस्थान करेंगे। सांसद श्री कुलस्ते दोपहर 4:30 बजे केवलारी पहुँचकर स्थानीय कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे। इसके उपरांत रात्रि 8 बजे मण्डला के लिए प्रस्थान करेंगे।

# अनिल गोल्हानी बने भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष

**सिवनी/लखनादौन नवभारत।** भारतीय जनता पार्टी ने संगठनात्मक विस्तार और आगामी राजनीतिक गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए लखनादौन के वरिष्ठ कार्यकर्ता अनिल गोल्हानी को पुन: जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति उनके लंबे राजनीतिक अनुभव, संगठन के प्रति निष्ठा और जनजातीय अंचल में सक्रिय भूमिका को देखते हुए की गई है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, जिले में संगठन को और सुदृढ़ करने की रणनीति के तहत यह निर्णय लिया गया।

अनिल गोल्हानी का पारिवारिक राजनीतिक इतिहास पंचायत व्यवस्था की शुरुआत से जुड़ा रहा है। वर्ष 1959 में जब मध्य प्रदेश में पंचायत राज प्रणाली लागू हुई, तब ग्राम सिहोरा में उनके दादा स्वर्गीय मजबूत सिंह गोल्हानी प्रथम सरपंच निर्वाचित हुए थे। उस समय ग्रामीण स्वशासन की अवधारणा नई थी और स्थानीय नेतृत्व की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जाती थी। परिवार के अन्य सदस्यों ने भी विभिन्न स्तरों पर जनप्रतिनिधि के रूप में दायित्व निभाए। उनके बड़े भाई अशोक गोल्हानी ने वर्ष 1981 में पंच तथा वर्ष 2000 में जनपद सदस्य के रूप में कार्य किया। वर्ष 2010 में उनकी पत्नी ज्योति गोल्हानी जनपद सदस्य निर्वाचित हुईं, जिससे परिवार की राजनीतिक सक्रियता का विस्तार हुआ।

स्वयं अनिल गोल्हानी ने वर्ष 2015 में जनपद पंचायत लखनादौन के उपाध्यक्ष के रूप में प्रशासनिक दायित्व संभाला। इस अवधि में उन्होंने पंचायत स्तर पर



विकास कार्यों के क्रियान्वयन, विभागीय समन्वय और ग्रामीण योजनाओं की निगरानी में भूमिका निभाई। वे वर्ष 2010 में विधायक प्रतिनिधि रहे पार्टी नेतृत्व का मानना है कि इस क्षेत्र में संगठन की मजबूती और योजनाओं की प्रभावी पहुँच सुनिश्चित करना आवश्यक है। गोल्हानी को पुन: जिला उपाध्यक्ष बनाए जाने के पीछे यही उद्देश्य प्रमुख माना जा रहा है।

नियुक्ति के बाद अनिल गोल्हानी ने कहा कि वे संगठन द्वारा दिए गए दायित्व को पूरी निष्ठा के साथ निभाएँगे। उन्होंने कहा कि पार्टी की विचारधारा और जनसेवा उनके लिए सर्वोपरि है। उनका लक्ष्य जनजातीय अंचल में शासकीय योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुँचाना, स्थानीय समस्याओं को प्राथमिकता से उठाना और संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाना रहेगा। उन्होंने वरिष्ठ नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कार्यकर्ताओं के सहयोग को अपनी ताकत बताया।

स्थानीय कार्यकर्ताओं के बीच इस निर्णय को लेकर सकारात्मक प्रतिक्रिया सामने आई है। पार्टी के पदाधिकारियों का कहना है कि गोल्हानी का अनुभव और क्षेत्र में सक्रियता संगठनात्मक गतिविधियों को नई गति देगा। वहीं विपक्षी दलों ने इस नियुक्ति पर कोई राजनीतिक गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए लखनादौन के वरिष्ठ कार्यकर्ता अनिल गोल्हानी को पुन: जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति उनके लंबे राजनीतिक अनुभव, संगठन के प्रति निष्ठा और जनजातीय अंचल में सक्रिय भूमिका को देखते हुए की गई है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, जिले में संगठन को और सुदृढ़ करने की रणनीति के तहत यह निर्णय लिया गया।

स्वयं अनिल गोल्हानी ने वर्ष 2015 में जनपद पंचायत लखनादौन के उपाध्यक्ष के रूप में प्रशासनिक दायित्व संभाला। इस अवधि में उन्होंने पंचायत स्तर पर विकास कार्यों के क्रियान्वयन, विभागीय समन्वय और ग्रामीण योजनाओं की निगरानी में भूमिका निभाई। वे वर्ष 2010 में विधायक प्रतिनिधि तथा वर्ष 2022 में सांसद प्रतिनिधि भी रह चुके हैं। इन पदों पर रहते हुए उन्होंने जनसमस्याओं के निराकरण, शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में बेहतर कार्य किया।

**आयोजन** — नवनियुक्त जिला पदाधिकारी के साथ ही मोर्चा प्रकोष्ठ एवं मंडलों अध्यक्षों को भी किया गया आमंत्रित

# नवनियुक्त भाजपा पदाधिकारियों का परिचय व सम्मान समारोह आज

**सिवनी नवभारत।** जिला भाजपा द्वारा सोमवार 2 मार्च को भाजपा जिला कार्यालय में नवनियुक्त भाजपा जिला पदाधिकारी का परिचय एवं सम्मान समारोह का आयोजन प्रात: 11:00 बजे किया गया है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन, पूर्व केंद्रीय मंत्री फग्गनसिंह सिंह कुलस्ते, सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन एवं बरघाट विधायक कमल मर्सकोले विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

उक्त आशय की जानकारी देते हुए भाजपा नगर अध्यक्ष द्वय श्री अभिषेक दुबे एवं युवराजसिंह राहंगडाले ने बताया कि इस कार्यक्रम में सभी नवनियुक्त जिला पदाधिकारी को के साथ ही मोर्चा प्रकोष्ठ एवं मंडलों अध्यक्षों को भी आमंत्रित किया गया है।

जिला भाजपा की नवगठित कार्यसमिति के बारे में जानकारी देते हुए भाजपा जिला महामंत्री श्री संतोष अग्रवाल द्वारा बताया गया कि, भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन द्वारा गत दिवस भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की अनुमति एवं संभाग प्रभारी सुमेरसिंह सोलंकी तथा जिला प्रभारी अशोक रोहाणी की सहमति से जिला कार्य समिति की घोषणा कर दी गई है। श्रीमती बिसेन द्वारा अपनी जिला कार्यसमिति में एक ओर पार्टी अनुभवी कार्यकर्ताओं को जगह दी गई है वहीं, युवा एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं को भी शामिल किया गया है, जिले के सभी क्षेत्रों व सभी वर्ग के कार्यकर्ताओं का समावेश इस कार्यसमिती में किया जा कर संगठन को सशक्त और सर्वस्पर्शी बनाने की दिशा में अग्रसर किया गया है।

भाजपा मीडिया प्रभारी श्रीकांत अग्रवाल ने बताया कि , इस नवगठित जिला कार्यसमिति में 8 जिला उपाध्यक्ष के रूप में,सर्वश्री गोमती ठाकुर, डॉ अभिजीत सिंह चौहान, आनंद शर्मा, अनिल गोल्हानी, संतोष नगपुरे, नवनीत ठाकुर, राजेश्वरी उईके एवं सुरेश सनोडिया को शामिल किया गया है। इसी तरह महामंत्री के महत्वपूर्ण पद पर ऊर्जावान कार्यकर्ता संतोष अग्रवाल केसाथ ही गजानन पंचेश्वर एवं मुकेश बघेल को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। जबकि 8 जिला मंत्रियों में नीलकंठ तिवारी, दिलीप बघेल, पीयूष दुबे, श्रीमती उर्मिला उईके, मुनिया टांक, संदीप उईके, गोपाल पवमें, एवं श्रीमती आशा डेहरिया का समावेश है।

इसी तरह जिला कोषाध्यक्ष का पद राजेंद्र डहरवाल को सौंपा जाकर सह कोषाध्यक्ष के पद पर समीर ठाकुर को यह जिम्मेदारी सौंप गई है ।जबकि कार्यालय मंत्री का दायित्व वीरेंद्र राजपूत एवं सह कार्यालय मंत्री अलकेश रजक होंगे।

### इन्हें सौंपी गई जिम्मेदारी

मीडिया प्रभारी का दायित्व पुन: श्रीकांत अग्रवाल को सौंपा जाकर सह मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी अशोक बंदेवार को दी गई है। आईटी सैल के जिला संयोजक का दायित्व मनोज मर्दन त्रिवेदी संभालेंगे उनके साथ सहसंयोजक बिन्नू तिवारी होंगे। सोशल मीडिया के जिला संयोजक आशीष सोनी होंगे जबकि सहसंयोजक सत्यम सूर्यवंशी को नियुक्त किया गया है। जिला मन की बात प्रभारी का दायित्व सचिन अवधिया को सौंपा जाकर सह प्रभारी मनोज नामदेव को नियुक्त किया गया है।